श्री राम से मोहे मिला देना _/_

बजरंगबली मेरी नाव चली, ज़रा बली कृपा की लगा देना |
मुझे रोग ने शोक ने घेर लिया, मेरे ताप को नाथ मिटा देना ||

में दास तो आपका जन्म से हु, बालक और शिष्य भी धर्म से हु |
बेशर्म विमुख निज कर्म से हु, चित्त से मेरा दोष भूला देना || १ ||

दुर्बल हु गरीब हु दीन हु में , निज कर्मक्रिया गतिक्षीण हु में |
बलबीर तेरे आधीन हु में, मेरी बिगड़ी को नाथ बना देना || २ ||

बल दे के मुझे निर्भय कर दो, यश कीर्ति मेरी अक्षय कर दो |
मेरे जीवन को सुखमय कर दो, संजीवन लाय पिला देना || ३ ||

करुणानिधि आपका नाम भी है, शरणागत राधेश्याम भी है |
इसके अतिरिक्त ये काम भी है, श्री राम से मोहे मिला देना || ४ ||

जय श्री राम, जय जय हनुमान _/